# कार्यालय वन वृत्त, बैतूल (म.प्र.)

कार्यालय : टेलीफोन / फैक्स (07141) 234396 ccf.btl@mp.gov.in

क्रमांक / मा.चि. / 2017 / 841 बैतूल, दिनांक / 16/2/17

प्रति,

श्री संजीव झा (भा.व.से.)
वनमंडलाधिकारी,
उत्तर (सामान्य) वनमंडल बैतूल

विषयः बैतूल जिले में सतपुडा टाईगर रिजर्व के बोरी अभ्यारण्य से वनग्राम मालनी–।। को उत्तर बैतूल के परिक्षेत्र भौरा के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 154 में विस्थापित किए जाने हेतु 285.700 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव बाबत।

संदर्भः 1–अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कक्ष–भू प्रबंध सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल का पत्र क्र0 / एफ–5 / 802 / 2016 / 10–11 / 2795 दिनांक 24.12.2016
2–आपका पत्र कमांक / मा.चि. / 2017 / 216 दिनांक 12.02.2017

==000==

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि विषयांकित प्रस्ताव के संबंध में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कक्ष–भू प्रबंध सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल के संदर्भित पत्र क्र0 / एफ–5 / 802 / 2016 / 10–11 / 2795 दिनांक 24.12.2016 में उल्लेखित बिन्दुओं की पूर्ति के संबंध में आज दिनांक 15.02.2017 में विषयांकित प्रस्ताव में आवेदित कक्ष क्रमांक आर. एफ.–154 का स्थल निरीक्षण (Site Inspection) किया गया है। जो वन क्षेत्र (जंगल) के बीच में है, जहां मिश्रित प्रजाति के वृक्षों की मात्रा अधिक है एंव 0.5 से 0.7 घनत्व के अंतर्गत वन क्षेत्र है। वनकक्ष आर.एफ.–154 के वनक्षेत्र में मिट्टी / पानी एंव रोड की व्यवस्था नहीं है, जिससे यहां आवागमन किये जाने की व्यवस्था नहीं है। उक्त वनकक्ष वनमंडल के सघन वनक्षेत्रों के बीचों बीच में स्थित होना पाया गया है, जो पूर्व में कक्ष आर.एफ क्रमांक–155 एवं 157 तथा दक्षिण में कक्ष आर.एफ. क्र.–158 एंव पश्चिम में आर.एफ. क्र.–153 लगा हुआ है। यह वन कक्ष वनखंड सालीमेंट परिक्षेत्र भौरा वनमंडल उत्तर सामान्य बैतूल के अंतर्गत आरक्षित क्षेत्र में स्थित है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि वनकक्ष पी.एफ.–390 एंव पी.एफ.–391 जो आवागमन रोड से लगा हुआ है, जहां मिट्टी / पानी एंव रोड की व्यवस्था है।

अतः उपरोक्तानुसार स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उचित होगा की वनकक्ष पी.एफ.–390 एंव पी.एफ.–391 का क्षेत्र वनसंरक्षण अधिनियम 1980 के तहत विस्थापन किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव प्रस्तावित किये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

(ए.गौतमी)
मुख्य वन संरक्षक,
बैतूल

पृष्ठां. क्रमांक / मा.चि. / 2017 / 842 बैतूल, दिनांक / 16/2/17

प्रतिलिपिः–1–अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध) सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल की ओर विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के परिपेक्ष्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

2–वन संरक्षक एवं संयुक्त संचालक सतपुडा टाईगर रिजर्व होशंगाबाद (म.प्र.) की ओर विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों के परिपेक्ष्य में आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

(ए.गौतमी)
मुख्य वन संरक्षक,
बैतूल